**दिनांकः 13.10.2024**

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बिहारीगढ, पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 150 ग्राम अवैध चरस बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु अवैध मादक पदार्थो एवं इनके कारोबार में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान थाना बिहारीगढ पुलिस टीम द्वारा एक शातिर नशा तस्कर **अभियुक्त निखिल उर्फ जानी पुत्र संजय निवासी ग्राम नौरंगपुर थाना बिहारीगढ जिला सहारनपुर** को ग्राम सतपुरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से **150 ग्राम अवैध चरस** बरामद हुई । तथा अभियुक्त निखिल उर्फ जानी उपरोक्त थाना बिहारीगढ़ के मु0अ0सं0 49/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त था । बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना बिहारीगढ पर **मु0अ0सं0 137/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट** पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**विवरण पूछताछः-** गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि मैं ये चरस बाहर से खरीदकर लाता हूँ जिसे मैं आसपास के क्षेत्र में अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमाता हूँ। आज भी मैं चरस पीने वाले व्यक्तियों को बेचने के लिये लाया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

निखिल उर्फ जानी पुत्र संजय निवासी ग्राम नौरंगपुर थाना बिहारीगढ जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 150 ग्राम अवैध चरस

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

(1) मु0अ0सं0 78/2021 धारा 379 भादवि थाना बेहट जिला सहारनपुर
(2) मु0अ0सं0 28/2021 धारा 380/411 थाना बिहारीगढ जिला सहारनपुर
(3) मु0अ0सं0 29/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर
(4) मु0अ0सं0 31/2021 धारा 414 भादवि थाना बिहारीगढ जिला सहारनपुर
(5) मु0अ0सं0 49/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बिहारीगढ जिला सहारनपुर
(6) मु0अ0सं0 137/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बिहारीगढ जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. प्र0उ 0नि0सुखवीर सिंह थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर
2. का लवलेश राठी 2331 0थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर
3. कागौरव पवांर 1557 0 थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांक- 13.10.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर / अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 12.93 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु अवैध मादक पदार्थो एवं इनके कारोबार में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2024 को थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर अभियुक्त **नौशाद पुत्र जमशेद निवासी ग्राम खुजनावर थाना फतेहपुर जिला सहानरनपुर** को ग्राम माण्डुवाला से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 12.93 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना फतेहपुर पर मु0अ0सं0 199/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मै ये स्मैक उत्तराखण्ड से कम दामों में खरीदकर लाता हूँ और ट्रक चालकों व राह चलते व्यक्तियों को ज्यादा दामों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

नौशाद पुत्र जमशेद निवासी ग्राम खुजनावर थाना फतेहपुर जिला सहानरनपुर

**बरामदगी का विवरण –**

- 12.93 ग्राम अवैध चरस

**अभियुक्त नौशाद का आपराधिक इतिहास**

- मु0अ0सं0 164/18 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 चालानी थाना फतेहपुर सहारनपुर
- मु0अ0सं0 365/19 धारा 307 भादवि चानाली थाना फतेहपुर सहारनपुर
- मु0अ0सं0 366/19 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 चालानी थाना फतेहपुर सहारनपुर
- मु0अ0सं0 31/20 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट चालानी थाना फतेहपुर सहारनपुर
- मु0अ0सं0 199/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना फतेहपुर सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री आशीष कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री सौरभ यादव थाना फतेहपुर सहारनपुर
3. है0का0 24 सुनील कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर
3. है0का0 961 रोहित राणा थाना फतेहपुर सहारनपुर

दिनांक- 13.10.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी/अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपारध नियत्रण एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री बीनू सिंह के कुशल नेतृत्व में मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 13.10.2024 को 01 **वारंटी/अभियुक्त जब्बार पुत्र अनवर निवासी ग्राम बिडौली थाना झिझाना जिला शामली** सम्बन्धित वाद स0 98/12 मु0अ0स0 155/12 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट को मुखबिर की सूचना पर उसके मसकन से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारण्टी/अभियक्त का नाम व पताः-**

जब्बार पुत्र अनवर निवासी ग्राम बिडौली थाना झिझाना जिला शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः -**

1. उ0नि0 श्री नितिन कुमार, थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
2. हेका0 214 उदित मलिक थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
3. का0 2284 श्रीकृष्ण थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 13.10.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज-05 थाना फतेहपुर

अवगत कराना है कि शासन द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज-05 के सफल क्रियान्वयन हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर महोदय के निर्देशन में, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण मे एवं थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.10.2024 को एन्टी रोमियो टीम थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर के द्वारा ग्राम खुजनावर में चौपाल लगाकर महिलाओं एंव बालिकाओं को सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जा रहे विभिन्न हेल्पलाईन नम्बरों 1090 वूमेन पावर, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाईन नम्बर, 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर, 1930 साईबर फ्रॉड हेल्पलाईन नम्बर, 108 एम्बुलेंस सेवा, 102 महिला एम्बुलेंस सेवा, 112 आपातकालीन पुलिस सहायता आदि नम्बरों की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला आजीविका मिशन योजाना, महिला बैंकिंग सखी योजाना, राष्ट्रीय महिला पोषण मिशन योजना व मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना व प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

**मिशन शक्ति एन्टीरोमियो टीम थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर –**

1. उ0नि0 आशीष कुमार थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 यमुना प्रसाद थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर।
3. म0उ0नि0 माधुरी शर्मा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर।
4. म0है0का0 1095 कविता रानी थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर।

दिनांकः 13.10.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नानौता पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 03 मोबाइल फोन व 1000/- रुपये नगद बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 18.02.2024 को वादी श्री वीरेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिंह नि0 ग्राम छछरौली थाना नानौता सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोरो द्वारा उनके व उनके पडोस के दो तीन घरो से एक मोटरसाईकिल व मोबाइल फोन चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे थाना नानौता पर मु0अ0स0 28/24 धारा 380 भादवि पंजीकृत कराया तथा दिनांक 20.04.2024 को वादी अरशद पुत्र जमशेद नि0 ढाकादेवी थाना नानौता जिला सहारनपुर द्वारा वादी की दुकान से सामान व रुपये व उसके पडोसी प्रशान्त के घर से मोबाइल चोरी करने के सम्बन्ध मे थाना नानौता पर मु0अ0स0 95/24 धारा 380/411 भादवि पंजीकृत कराया गया था। जिसमे थाना नानौता पुलिस द्वारा घटना का खुलासा कर अभियुक्तों को गिऱफ्तार किया था, जिसमे अभियुक्त मुनीर वाँछित चल रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री अमित नागर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2024 को थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 28/2024 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त **मुनीर पुत्र सरवर निवासी ग्राम बाबूपुरा थाना नानौता जनपद सहारनपुर** को सहारनपुर हाईवे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मुनीर उपरोक्त के कब्जे से चोरी किये गये 03 मोबाईल फोन व 1000 रुपये बरामद किये गये। अभियुक्त मुनीर थाना नानौता पर पंजीकृत मु0अ0स0 95/24 धारा 380/411 भादवि मे भी वाँछित चल रहा था। अभियुक्त मुनीर के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि करीब 6 माह पूर्व मैने अपने साथी नौशाद उर्फ चन्दू के साथ ग्राम ढाकादेई मे अरशद पुत्र जमशेद की दुकान मे रखे गल्ले से रूपये चोरी किये थे तथा एक अन्य घर से एक मोबाईल एक घडी व कुछ ज्वैलरी चोरी की थी तथा मैने करीब आठ माह पूर्व ग्राम छछरौली से भी मोबाइल व मोटरसाईकिल चुराये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

मुनीर पुत्र स्व सरवर निवासी ग्राम बाबूपुरा थाना नानौता जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः**

- 03 मोबाइल फोन
- 1000/- रुपये नगद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. थानाध्यक्ष श्री अमित नागर थाना नानौता जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 रामचरन सिह थाना नानौता जनपद सहारनपुर।
3. उ0नि0 नीरज सिह थाना नानौता जनपद सहारनपुर।
4. उ0नि0 धीरज सिंह थाना नानौता जनपद सहारनपुर।
5. उ0नि0 लोकेश कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर।
6. का0 2032 सचिन थाना नानौता जनपद सहारनपुर।